>

Title: Request to start Patahi Airport at the earliest in Vaishali Parliamentary Constituency.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली) : मेरे वैशाली संसदीय क्षेत्र में मुजफ्फरपुर जिले के अंतर्गत पताही हवाई अड्डा स्थित है । मुजफ्फरपुर, उत्तर बिहार की अघोषित राजधानी समझी जाती है और इसे स्मार्ट सिटी बनाया गया है । इस हवाई अड्डे को उड़ान योजना के तहत शुरू करने की घोषणा माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने चुनाव के समय उसी हवाई अड्डे में आयोजित एक आम सभा में की थी । इस हवाई अड्डे के शुरू होने से मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान तथा सारण के वासियों को सुगम हवाई सुविधा मिल जाएगी ।

मैं आपके माध्यम से माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि पताही हवाई अड्डे को जल्द से जल्द शुरू करवाकर उत्तर बिहार की इस महत्वपूर्ण मांग को पूरी करने की कृपा करें । धन्यवाद ।